# विश्वविद्यालय के सरोजिनी भवन छात्रावास में नवागंतुक छात्राओं का हर्षोल्लासपूर्ण स्वागत

पंतनगर। 22 सितम्बर 2025। विश्वविद्यालय के सरोजिनी भवन छात्रावास में नवागंतुक छात्राओं के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। सरोजिनी भवन छात्रावास 2025–26 में कुल 231 छात्राएं आवासित हैं। छात्राएं विभिन्न महाविद्यालयों जैसे कृषि, सामुदायिक विज्ञान, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान, मत्स्य महाविद्यालयों की प्रथम वर्ष की छात्राएं हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय डा. ए.एच. अहमद के साथ अधिष्ठाता कृषि एवं निदेशक शोध डा. सुभाष चंद्रा एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना उपस्थित थे।

इस अवसर पर डा. अहमद ने छात्राओं को सही पथ पर चलकर सफलता प्राप्त करने का गुरुमंत्र दिया। डा. चन्द्रा ने छात्राओं को अनुशासन एवं मेहनत के लिए प्रेरित किया। डा. ए.एस. जीना ने छात्राओं को अपनी परम्परा को लेकर जीवन में सफलता के प्रति जागरूक किया। स्वागत समारोह में मुख्य छात्रावास अभिरक्षिका एवं अधिष्ठाता, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल ने छात्राओं को सामंजस्य से एक साथ रहने की सलाह दी। सहायक छात्र कल्याण डा. श्वेता राय ने छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी। छात्रावास की अभिरक्षिका डा. रश्मि पंवार ने छात्राओं को छात्रावास में अनुशासन एवं स्वास्थ्य बनाए रखने हेतु सलाह दी तथा उन्होंने सहायक छात्रावास अभिरक्षिका, चारूलता पटवाल की मेहनत, निष्ठा एवं छात्राओं की देखभाल की सराहना की व अंत में सभी अतिथियों, छात्राओं एवं छात्रावास कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

